# कार्यालय निदेशक, रोग नियन्त्रण एवं प्रक्षेत्र पशुपालन विभाग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ–226007

email-dirdcf.ah-up@gov.in, Ph. No. 0522-2742880

*तृतीय/अन्तिम अनुस्मारक*

क्रमांक– /क0प्र0से0/उपकरण/सैम्पुल वापसी/2019–20 दिनांक–

## सूचना

पशुपालन विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा इस कार्यालय में सम्बन्धित निविदादाताओं द्वारा पूर्व में निविदा के सापेक्ष जमा किए गए सैम्पुलों को वापस उठाने हेतु जारी नोटिस संख्या 7/क0प्र0से0/उपकरण/सैम्पुल वापसी/2018–19 दिनांक 05.04.2019, नोटिस संख्या 16/क0प्र0से0/उपकरण/सैम्पुल वापसी/2018–19 दिनांक 02.05.2019 एवं नोटिस संख्या 361/क0प्र0से0/उपकरण/सैम्पुल वापसी/2019–20 दिनांक 01.10.2019 के द्वारा नोटिस दी गयी थी। परन्तु आप द्वारा अभी तक सैम्पुल नहीं उठाया गया है।

उक्त के क्रम में आपको एतद्द्वारा अन्तिम नोटिस दी जाती है कि पशुपालन विभाग, उत्तर प्रदेश की विभिन्न संस्थाओं/चिकित्सालयों के उपयोगार्थ क्रय किए जाने वाले उपकरणों/संयन्त्रों/ग्लासवेयर्स आदि की इस स्तर मे आमन्त्रित निविदाओं के सापेक्ष पूर्व में इस कार्यालय में जमा किए गए सैम्पुल्स में से जो सैम्पुल आप द्वारा अभी तक वापस नहीं प्राप्त किए गए हैं, उन्हें प्राप्त करने हेतु अपने अधिकृत प्रतिनिधि को **दिनांक 14.10.2019 एवं 15.10.2019 के मध्य** इस कार्यालय में भेजना सुनिश्चत करें ताकि वह आप द्वारा जमा अवशेष सैम्पुल्स को प्राप्त कर सके।

यदि आपका प्रतिनिधि उक्त तिथियों **दिनांक 14.10.2019 एवं 15.10.2019 के मध्य** इस कार्यालय में उपस्थित होकर अपना अवशेष सैम्पुल नहीं प्राप्त करता है तो यह माना जाएगा कि आपका कोई सैम्पुल इस कार्यालय में अब अवशेष नहीं है। इस सूचना को अन्तिम सूचना समझा जाय। उक्त तिथि **15.10.2019** के उपरान्त अवशेष सैम्पुल्स को इस स्तर से निस्तारित कर दिया जाएगा और भविष्य में इस सम्बन्ध में आपके किसी भी प्रत्यावेदन पर विचार नहीं किया जाएगा जिसके लिए आप स्वयं उत्तरदायी होगें।

ह0
(डा0एस0के0श्रीवास्तव)
निदेशक, रोग नियन्त्रण एवं प्रक्षेत्र,
पशुपालन विभाग, उ0प्र0।

क्रमांक– 373/क0प्र0से0/उपकरण/सैम्पुल वापसी/2019–20 दिनांक– 10-10-2019

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. सम्बन्धित फर्मों को ई मेल/स्पीड पोस्ट द्वारा (संलग्न सूची के अनुसार)।
2. कम्प्यूटर सुपरवाईजर, मुख्यालय को उक्त सूचना विभागीय वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
3. निदेशक, प्रशासन एवं विकास, पशुपालन विभाग, उ0प्र0, लखनऊ।

(डा0एस0के0श्रीवास्तव)
निदेशक, रोग नियन्त्रण एवं प्रक्षेत्र,
पशुपालन विभाग, उ0प्र0।